दिनांक 28.05.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जलजनित बिमारियो की रोकथाम के लिए निगम एवं मलेरिया रोकथाम विभाग घर-घर दस्तक दे रहा है

भिलाईनगर। भिलाई क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए बारिश पूर्व सभी बड़े नालाध्नालियों की सफाई प्रगति पर हैए सफाई उपरांत निकला मलमा उठाने का कार्य भी साथ .साथ चल रहा है। कीटनाशक औषधि का छिड़काव भी निरंतर जारी है।

निगम आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जलजनितध्मौसमी बीमारियों जैसेरू. दस्तए उल्टी .दस्तए टाइफाइडए पीलिया से बचने के लिए पानी उबालकरध्ठंडा कर सेवन करनेएबासी एवं दूषित खाद्य एवं पेय पदार्थ का सेवन नहीं करने की समझाइश दी जा रही हैएजन समुदाय में प्रचार .प्रसार हेतु पाम्पलेट वितरण किया जा रहा है। मच्छर जनित रोग डेंगूध्मलेरिया से बचावध्रोकथामध्नियंत्रण हेतु निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 1 अप्रैल से 24 मई तक विभिन्न वार्डो में 2320 घरों में गृह भेंट कर सर्वेलेंस सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान 7942 ;कूलरए टंकीए कंटेनरद्ध देखे गए। जिसमें 363 कूलरए 116 सीमेंट टंकीए 150 ड्रमध्प्लास्टिक कंटेनर में संग्रहित कर रखे गए पुराने पानी को खाली कराया गया। 41 कूलरए 7 सीमेंट टंकीए 7 ड्रम एवं 11 प्लास्टिक कंटेनर में मच्छर लार्वा पाए जाने पर टेमीफास डालकर नष्ट किया गया एवं हिदायत दी गई कि पुनः इस प्रकार से ज्यादा दिनों तक पानी संग्रहित कर नहीं रखा जाए। इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। सर्वेक्षित घरों के 2056 कूलर में स्प्रेयर पंप द्वारा पानी मिश्रित टेमीफास का छिड़काव कराया गयाए जिससे मच्छर लार्वा की उत्पत्ति नहीं हो। व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु 2490 कूलरों में मैलाथियान का छिड़काव कराया गया। भीषण गर्मीध्लू से बचाव संबंधित 742 पाम्पलेट एवं डेंगूध्मलेरियाध्पीलिया से बचाव संबंधित 1843 पाम्पलेट वितरण किया गया।

निगम आयुक्त द्वारा आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि बीमारी फैलने के बाद रोकथाम करने से अच्छा है कि बीमारी फैलने ही नहीं दिया जाए। इसके लिए मच्छर लार्वा स्रोत जैसेरू. खिड़कियों में लगे कूलरध्टंकीध्ड्रमध्कंटेनर में संग्रहित कर रखे गए पानी को प्रत्येक तीन .चार दिन में खाली करध् सूती कपड़े या पेपर से साफ करध्सूखाकर ही नया पानी भरकर उपयोग करें। अपने घर के छत एवं बाग .बगीचों में पड़े कबाड़ सामान जैसेरू टूटे .फूटे बर्तनएए डिस्पोजलएटायर एवं अन्य अनुपयोगी पात्र जिसमें बरसात का पानी जमा होने की संभावना हैए उसे तत्काल हटा देंए ताकि मच्छर लार्वा को पनपने का अवसर ही नहीं मिल सके। घर के आसपास बरसाती पानी के जमाव होने पर जला आइल का छिड़काव करें।